Seventeenth Loksabha

>

Title: Need for a Regulatory authority/body to monitor Agriculture education in India.

श्री विष्णु दत्त शर्मा (खजुराहो) : माननीय अध्यक्ष जी, मुझे आपने बोलने का अवसर प्रदान किया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं । कृषि शिक्षा में जो प्राइवेट एजूकेशन है, देश के अंदर जो प्राइवेट इंस्टीट्यूट और यूनिवर्सिटीज़ हैं, उनके एग्रीकल्चर एजूकेशन की मानीटरिंग के लिए देश के अंदर कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण से वर्तमान समय में पूरे देश के अंदर कई तरह की समस्याएं खड़ी हो रही हैं । इसलिए, इनकी रेग्युलेटिंग बॉडी बननी चाहिए । चाहे एग्रीकल्चर काउंसिल ऑफ इंडिया बने या इसको आईसीएआर एग्रीगेट करें । ऐसी व्यवस्था देश के अंदर के बननी चाहिए ।